# बाघ हड्डी तस्करी गिरोह पर कार्रवाई : एक और गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** मध्यप्रदेश में बाघ और अन्य वन्यजीवों के अवैध शिकार में लिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) की बड़ी कार्रवाई जारी है। वन विभाग मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर गठित टीम ने शिवपुरी में एक और आरोपी को दबोच लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय, शिवपुरी द्वारा खारिज कर दी गई है।

एसटीएसएफ के अनुसार, 4 जून को सवाई माधौपुर-श्योपुर-कराहल मार्ग पर संयुक्त दबिश के दौरान गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार हुए थे। इनसे 225 नग वन्यजीवों के अंग (हड्डियां) बरामद हुई थीं। जांच को वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ाते हुए, टीम ने बाद में शिवपुरी और श्योपुर से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया। फिलहाल सभी आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल शिवपुरी में निरुद्ध हैं और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज़ कर दी गई है। यह कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी सुधांशु यादव के निर्देशन, उप वनमण्डलाधिकारी करैरा आदित्य शांडिल्य के मार्गदर्शन और कोलारस वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल सिंह जाटव के नेतृत्व में की गई।

**सौजीराम मोंगिया गिरफ्तार, फॉरेस्ट रिमांड पर भेजा गया :** गिरोह के प्रमुख आरोपी सौजीराम मोंगिया पिता जमुना मोंगिया, निवासी भीमपुर तहसील नरवर को 27 जुलाई को शिवपुरी के पटेल चौक पडोरा से गिरफ्तार किया गया। उसे विशेष न्यायालय में प्रस्तुत कर वन विभाग की रिमांड पर लिया गया। गिरफ्तारी में कोलारस वन परिक्षेत्र के क्षेत्रीय स्टाफ की अहम भूमिका रही।

**राजा भील की अग्रिम जमानत याचिका खारिज :** इसी प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी राजा भील की अग्रिम जमानत याचिका 26 जुलाई को न्यायालय ने खारिज कर दी। अदालत ने अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में जमानत नहीं दी जा सकती। इससे पहले आरोपी दौजी, सुनीता, बनीराम और नरेश की जमानत याचिकाएं भी अस्वीकार की जा चुकी हैं।

# भक्त शिरोमणि मीराबाई की जयंती मनाई, विजयवर्गीय समाज ने दी श्रद्धांजलि




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा के मार्गदर्शन में 25 जुलाई को विजयवर्गीय समाज शिवपुरी द्वारा समाज की आराध्य संत मीराबाई की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाज के सचिव राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय ने कहा कि मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण की बाल्यकाल से ही अनन्य भक्त थीं। उन्होंने श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान लिया था और पति की मृत्यु के बाद वे सांसारिक जीवन त्यागकर श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन हो गईं। उन्हें इसके लिए अनेक कष्ट भी सहने पड़े, लेकिन वे भक्ति मार्ग से विचलित नहीं हुईं। राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय ने बताया कि मीराबाई ने संत तुलसीदास और संत रैदास के सान्निध्य में रहकर श्रीकृष्ण और श्रीराम पर अनेक पदों और कविताओं की रचना की, जो आज भी भक्ति साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं।

समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार विजयवर्गीय ने कहा कि पूरे भारत में विजयवर्गीय समाज आज मीराबाई जयंती मना रहा है। हमें मीराबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर भक्ति और समर्पण का भाव अपनाना चाहिए। उपाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार विजयवर्गीय ने बताया कि मीराबाई के भक्ति गीतों और कविताओं में श्रीकृष्ण लीलाओं का सुंदर और सरस चित्रण मिलता है, जिन्हें अब शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में भी शामिल किया गया है। कार्यक्रम में पुष्पा देवी विजयवर्गीय, अंजू विजयवर्गीय, ममता विजयवर्गीय सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# बचपन की यादों से सराबोर हुआ 'कहानी अनुगमन कार्यक्रम'



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** परिमल समाज कल्याण समिति शिवपुरी द्वारा पिछले 20 दिनों से जारी संस्कृति पर्व के क्रम में रविवार, 27 जुलाई को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में दादा-दादी, नाना-नानी की कहानी अनुगमन कार्यक्रम आयोजित हुआ। बुजुर्गों द्वारा सुनाई गई प्रेरक कहानियों ने सभी को अपने बचपन की यादों में ले जाकर भावुक कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ जिसे श्याम बिहारी सरल ने प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने संस्कृति पर्व के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद बुजुर्गों ने अपनी-अपनी प्रेरक एवं रोचक कहानियां प्रस्तुत कीं। प्रेम शर्मा ने अपने जीवन की कहानी, सुनीता गौड़ ने बोधकथा, माधव शरण द्विवेदी ने रामायण प्रसंग, सुरेश शर्मा ने लालच पर आधारित कथा, साधना खंडेलवाल ने महाभारत के प्रसंग, रमेश चंद्र पाठक ने हार न मानने की प्रेरक कहानी, स्नेहलता शर्मा ने सुंदर जीवन की कहानी, आर.बी. शर्मा ने हास्य कथा तथा प्रमोद पांडेय ने उन्नत जीवन की कहानी सुनाई। वहीं ओमप्रकाश नीखरा ने महाभारत के द्रुपद प्रसंग व गीता भाष्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमोद भार्गव, पुरुषोत्तम गौतम, कोलारस नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र शिवहरे, समाजसेवी राजेश गोयल एवं आकांक्षा गौड़ मंचासीन रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दादा-दादी एवं नाना-नानी का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। यह सम्मान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सुगंधा शर्मा एवं समिति सदस्यों धीरेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र धाकड़, उमेश भारद्वाज, बसंत श्रीवास्तव, अंजली गुप्ता, रजनी राठौर, दिनेश नामदेव, अवधेश सक्सेना, अमित परमार, कालू कुशवाह, रवि कोड़े, यशवंत भार्गव आदि द्वारा किया गया। अंत में आभार आकांक्षा गौड़ ने व्यक्त किया।

# 24 घंटे में बोर की केबिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 68 हजार का सामान बरामद



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** थाना बैराड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर की केबिल चोरी के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया है।

फरियादी दीपक शर्मा पुत्र अशोक शर्मा (उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम एचवाड़ा) ने दिनांक 26 जुलाई को थाना बैराड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शिवशंकर महाविद्यालय ग्राम सांपरारा से रात में अज्ञात चोर पानी की बोर की 100 मीटर लंबी केबिल (कीमत 18,000) चुरा ले गया। थाना बैराड़ में इस पर अपराध क्रमांक 254/25, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविशंकर कौशल द्वारा एक टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। दिनांक 27 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की गई केबिल एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से बैराड़ की ओर ला रहा है। पुलिस टीम ने धोरिया रोड ककरई तिराहा पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उसने अपना नाम मिलन धाकड़ पुत्र सीताराम धाकड़ (उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मकलीझरा) बताया। उसके पास से 100 मीटर केबिल (18,000) और मोटरसाइकिल एमपी 33 एमएस 6750 (कीमत 50,000) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस कार्यवाही में रविशंकर कौशल (थाना प्रभारी बैराड़), धर्मेन्द्र शिवहरे (उप निरीक्षक), दशरथ सिंह राजपूत (सहायक उप निरीक्षक), धर्मपाल धाकड़ (आर.1107), रविन्द्र धाकड़ (आर.817), लोकेन्द्र सिंह (आर.660), मांगीलाल गुर्जर (आर.313), अतर सिंह रावत (आर.150), राजेन्द्र प्रसाद (आर.1058) की सराहनीय भूमिका रही।

# सिंधिया ने बीएसएनएल की वार्षिक रणनीतिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** केंद्रीय संचार तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री एवं स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी सहित देशभर के 32 बीएसएनएल सर्किलों के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य बीएसएनएल की भविष्य की रणनीति तय करना था, जिसमें सिंधिया ने प्रत्येक सर्किल के प्रदर्शन और व्यापार योजना की गहन समीक्षा की।

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीएसएनएल ने दो तिमाहियों में क्रमशः 262 करोड़ (क्यू3) और 280 करोड़ (क्यू4) का लाभ अर्जित कर 18 वर्षों में पहली बार लगातार मुनाफा दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25

## सीजीएम को कहा : आप अपने सर्किल के सीईओ हैं

में बीएसएनएल का ईबीआईटीडीए बढ़कर 5,396 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष 2,164 करोड़ था। ईबीआईटीडीए मार्जिन भी 10.15 प्रतिशत से बढ़कर 23.01 प्रतिशत तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि यह प्रगति नेटवर्क विस्तार, आधुनिकीकरण, ग्राहक वृद्धि और पूर्ण संगठनात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है। सिंधिया ने कहा, आप केवल सीजीएम नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने सर्किल के सीईओ हैं। इस अवसर पर पहली बार 32 सीजीएम को लगातार 12 घंटे (सुबह 9 से रात 9 बजे तक) संवाद सत्र में भाग लेने का अवसर मिला।

**क्षेत्रीय केस स्टडी और समीक्षा तंत्र लागू :** सिंधिया ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और छत्तीसगढ़ जैसे श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले सर्किलों को 15 मिनट की केस स्टडी तैयार करने को कहा, जिन्हें आगामी तिमाही समीक्षा में प्रस्तुत किया जाएगा। मासिक समीक्षा संचार राज्य मंत्री करेंगे, जबकि त्रैमासिक समीक्षा की अध्यक्षता स्वयं सिंधिया करेंगे। उन्होंने कहा कि इन केस स्टडीज़ से स्थानीय नवाचारों और नेतृत्व रणनीतियों को देशभर में लागू किया जा सकेगा।

**भारत की डिजिटल क्रांति में बीएसएनएल की भूमिका :** सिंधिया ने बैठक को एक उपयोगी और संवादात्मक अभ्यास बताते हुए कहा कि यह संचालन उत्कृष्टता, वित्तीय अनुशासन और ज़मीनी नेतृत्व के नए युग की शुरुआत है।

उन्होंने कहा, हम बीएसएनएल को मज़बूत बना रहे हैं ताकि यह भारत की टेलीकॉम और डिजिटल क्रांति में एक प्रभावशाली सार्वजनिक भागीदार बने-जैसा प्रधानमंत्री का सपना है।

# सर्किल जेल में नशामुक्ति शिविर आयोजित, बंदियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा संचालित नशामुक्त मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के निर्देशन में सर्किल जेल शिवपुरी में बंदियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत सुबेदार अरुण प्रताप सिंह जादौन, उप निरीक्षक रामेन्द्र सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा बंदियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। उन्होंने आंकड़ों और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि नशा कैसे व्यक्ति, परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार इस शिविर का आयोजन व्यक्तित्व परिष्कार एवं आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ समन्वय में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. पी.के. खरे ने नशे के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जेल अधीक्षक रमेशचन्द्र आर्य ने नशे की उपलब्धता में प्रयुक्त अनैतिक तरीकों पर प्रकाश डालते हुए नैतिक साहस और आत्मनियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बंदियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि शिवपुरी जिले को भी नशामुक्त बनाए रखने में सहयोग देंगे। इस आयोजन में जेल उप अधीक्षक रामशिरोमणी पाण्डेय सहित अन्य जेल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक छटा के झूले में विराजमान हुए ठाकुर श्री बिहारी जी

नवभारत न्यूज

**दतिया 28 जुलाई।** ठाकुर श्री बिहारी जी मंदिर में भी धूमधाम से हरियाली तीज पर्व मनाया गया। हरियाली तीज के उत्सव में भगवान ठाकुर श्री बिहारी जी को खिन्नी,आम,कनेर, अशोक और जामुन के पत्तो से तैयार किये गए हिंडोले मे बैठाकर भक्तों ने झुलाया। इस अवसर पर भगवान श्री बिहारी जी को छप्पन भोग का प्रसाद भी अर्पण किया गया इस दौरान श्री बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

बता दें कि दतिया नगर में हरियाली तीज का एक अलग ही महत्व है। भगवान श्री बिहारी जी मंदिर में हरियाली तीज के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिछले सैकड़ो वर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुसार भगवान को गर्भगृह से बहार लाया गया। भगवान ने भक्तों को श्रीजी के साथ झूले में विराजमान होकर दर्शन दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के अलौकिक दर्शन किए। प्राकृतिक झूले में विराजमान ठाकुर जी के विग्रह को देखते ही भक्त भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर बांके बिहारी के मंदिर में हर तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आई। मंदिर को भव्य तरीक से सजाया गया। भक्तों ने अपने आराध्य को झूला झुलाते समय एक अलग ही अनुभूति का अनुभव किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को सावन का महीना सबसे अधिक प्रिय है और मान्यता है कि सावन के महीने में कान्हा अपनी सखी-सहेलियों के साथ झूला झूलते हैं। आज भी वह परंपरा दतिया के मंदिरों में चली आ रही है, जिसमें ठाकुरजी के श्रीविग्रह को झूला झुलाया जाता है।सावन के महीने में हरियाली तीज,सावन की ग्यारस और पूर्णिमा को दतिया स्थित ठाकुर श्री बिहारी जी मंदिर में बिहारी जी श्रीजी संग गर्भ गृह से बाहर निकलकर हरे रंग की पोशाक धारण कर हरियाली छटा के बीच झूले में विराजमान होकर ठाकुरजी अपने भक्तों को दर्शन देते हैं।

# हरियाली अमावस्या पर निकाली गई कलश यात्रा, पौधरोपण कर दिया संदेश




नवभारत न्यूज

**पोहरी 28 जुलाई।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धीगपुर द्वारा विकासखंड पोहरी के सेक्टर क्रमांक 02 अंतर्गत हरियाली अमावस्या के तृतीय दिवस पर हरियाली कलश यात्रा एवं बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन विकासखंड समन्वयक श्रीमती राधा शर्मा के सानिध्य में तथा महिला मोर्चा पोहरी की महामंत्री श्रीमती सारिका योगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा से की गई, जिसमें नवांकुर सखियों सहित ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेंटर्स ब्रजेश शर्मा द्वारा हरियाली यात्रा की महत्ता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। श्रीमती राधा शर्मा ने परिषद की योजनाओं की जानकारी दी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हरियाली महोत्सव पर भेजा गया संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा नवांकुर सखियों को अंकुरित बीज व पौधों का वितरण किया गया और पौधरोपण व देखरेख की विधि समझाई गई। इस अवसर पर परामर्शदाता शकुन नामदेव, ब्रजेश शर्मा (नवांकुर संस्था प्रतिनिधि), आगोनी लाल वर्मा, गिर्राज शर्मा, प्रियंका शर्मा, रामेश्वर धाकड़, सतीश धाकड़, वकील वर्मा, अशोक वर्मा, सीमा रावत (आजीविका मिशन) सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व युवा साथी उपस्थित रहे।

# नारीशक्ति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशंसनीय पहल कलश यात्रा : भारती




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवाचारी पहल नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा का आयोजन विकासखण्ड शिवपुरी के सेक्टर सतनबाड़ा अंतर्गत ग्राम कांकर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा हर्षोल्लास से किया गया। मुख्य अतिथि प्रहलाद भारती (पूर्व विधायक एवं उपाध्यक्ष, म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम) ने कहा कि नारीशक्ति के माध्यम से स्वैच्छिक आधार पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाली यह यात्रा एक सराहनीय मुहिम है।

कार्यक्रम में संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि जब महिलाएं पर्यावरण से जुड़ती हैं, तभी परिवर्तन की शुरुआत होती है। विशिष्ट अतिथियों में सुशील बरआ (संभाग समन्वयक), डॉ. रीना शर्मा (जिला समन्वयक), हरेराम बिरले व संजीव धाकड़ (इफको), शिशुपाल धाकड़ (सरपंच), मुन्नी रावत (जनपद सदस्य) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता श्री श्री 1008 शंकर गिरी महाराज ने की। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के मंदिर से भव्य कलश यात्रा के रूप में हुई, जो प्रमुख मार्गों से होकर लौटकर कार्यक्रम स्थल पर समापन के साथ संपन्न हुई। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ऑडियो संदेश भी सुनाया गया। डॉ. रीना शर्मा ने नवांकुर सखी अभियान की संकल्पना साझा की, वहीं सुशील बरआ ने इसे एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों का संवर्धन बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चंदन सिंह धाकड़ (अध्यक्ष, नवांकुर संस्था) ने किया। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को 11 अंकुरित बीज पौधों का वितरण कर वृक्षारोपण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में नवांकुर सखी, पंचायत प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं।

# प्रो पंजा लीग सीज़न 2 में मध्य प्रदेश की टीम 'एमपी हथोड़ास' देगी दमदार चुनौती

**ग्वालियर 28 जुलाई।** प्रो पंजा लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न 5 अगस्त से ग्वालियर, मध्य प्रदेश में शुरू होने जा रहा है। पहले सीज़न की सफलता को देखते हुए, अब मध्य प्रदेश को अपनी खुद की आर्म रेसलिंग टीम 'एमपी हथौड़े' के रूप में प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिसने आगामी सीज़न में भागीदारी की पुष्टि कर दी है। यह टीम राज्य के शीर्ष आर्म रेसलर्स को मैदान में उतारेगी और भारतीय प्रीमियर लीग की तर्ज़ पर, पूरे 17 दिनों तक ज़बरदस्त मुकाबलों का आयोजन होगा।

इस फ्रैंचाइज़ी के ज़रिए न सिर्फ ताकत, बल्कि लोकप्रियता और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्वालियर के सचिन गोयल, जिनके सोशल मीडिया पर 40 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं, टीम की पहुँच और प्रचार को मज़बूती देंगे। इसके अलावा, हाल ही में टीम कैप्टन नियुक्त किए गए त्रिदेप मेधी एमपी हथौड़े का नेतृत्व करेंगे। टीम में ग्वालियर के ही मनीष कुमार, जो एक स्टार पैरा एथलीट हैं और कई सरकारी पुरस्कार एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता हैं, भी खेलते नज़र आएँगे। साथ ही, भोपाल की एक घरेलू महिला और आत्मविश्वासी एथलीट फरीन देहलवी, जिन्होंने पहले लुधियाना की कश्मीरी कश्यप को हराया था, इस बार हथौड़े स्क्वॉड का हिस्सा होंगी।

फ्रैंचाइज़ी की भागीदारी पर बात करते हुए प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परविंद डबास ने कहा, एमपी हथौड़े, मध्य प्रदेश की असली ताकत और जज़्बे के प्रतीक हैं। स्थानीय प्रतिभाओं को एक साथ लाकर और राज्य के हर कोने से जुड़ाव बनाकर यह फ्रैंचाइज़ी सिर्फ एक टीम ही नहीं बना रही, बल्कि एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर रही है, जो पूरे मध्य प्रदेश की भावना को दर्शाता है। ग्वालियर में इस लीग और फ्रैंचाइज़ी की मेज़बानी होना वास्तव में गौरव की बात है।इस पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभाल प्रताप सिंह तोमर ने भी विचार साझा करते हुए कहा, च्हमें गर्व है कि एमपी हथौड़े, मध्य प्रदेश की एक मज़बूत प्रतिनिधि टीम के रूप में सामने आई है। यह फ्रैंचाइज़ी राज्य की बेहतरीन खेल प्रतिभाओं को साथ लाती है और पूरे क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित करेगी।